मां शारदा के गर्भगृह में व्हीआईपी ने की शस्त्र पूजा

उप्र के कुण्डा क्षेत्र के बाहूबली विधायक और समर्थकों ने सोशल मीडिया में साझा की पोस्ट

नवभारत न्यूज

सतना 10 फरवरी. मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में किसी भी तरह का आर्म्स, अस्त्र-शस्त्र लेकर जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है. लेकिन इसके बावजूद भी मंदिर के गर्भ गृह में पूरे विधि विधान के साथ आटोमेटिक राइफल की शस्त्र पूजा की गई.

इस दौरान एक ओर जहां मंदिर का समूचा सुरक्षा प्रोटोकॉल धाराशायी होता दिखा. वहीं दूसरी ओर मंदिर के पुजारी द्वारा भी उक्त नियमों को ताक पर रखने में कोई कसर नही छोड़ी गई. अब जबकि सोशल मीडिया में मंदिर के गर्भ गृह में शस्त्र पूजा का वीडियो वाइरल हो गया तो प्रशासन द्वारा किसी तरह की कार्रवाई करने के बजाए चुप्पी साध ली गई. उप्र के प्रतापगढ़ जिले के कुण्डा क्षेत्र के बाहूबली विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया और उनके समर्थकों के सोशल मीडिया एकाउंट से एक वीडियो साझा किया गया. जिसमें वे मैहर स्थित मां शारदा मंदिर के गर्भ गृह में अपनी आटोमेटिक राइफल की शस्त्र पूजा करते दिखाई दे रहे हैं. मंदिर के गर्भ गृह में मौजूद पुजारी नितिन महाराज द्वारा विधि विधान के साथ राइफल पर चुनरी और माला बांधकर शस्त्र पूजा कराई जा रही है. इस दौरान विधायक के आस पास उनका लाव-लश्कर भी मौजूद है. गर्भ गृह में शस्त्र पूजा कराने के बाद पुजारी नितिन बकायदा विधायक जी को मंदिर की सीढ़ियों तक विदा करने के लिए भी आते नजर आ रहे हैं. उक्त वीडियो के वाइरल होने पर की गई पड़ताल में यह जानकारी सामने आई कि मामला 6 फरवरी का है. उस दिन कुण्डा विधायक राजा भैया अपने लाव लश्कर के साथ मैहर मंदिर पहुंचे थे. जहां पर उन्होंने मंदिर के गर्भ गृह में शत्र पूजा की. लिहाजा इस मामले के सामने आते ही मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठने लगे. उल्लेखनीय है कि मां शारदा मंदिर में किसी भी तरह का आर्म्स, अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रवेश करना पूर्णत: प्रतिबंधित है. लेकिन इसके बावजूद भी विधायक और उनके समर्थकों की मौजूदगी में मंदिर के गर्भ गृह में शस्त्र पूजन किए जाने के मामले में न तो वहां पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने कोई संज्ञान लिया और न ही पुजारी द्वारा इस संबंध में किसी तरह की रोक-टोक की गई. इस संबंध में प्रशासक मां शारदा मंदिर और एसडीएम मैहर दिव्या सिंह पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया. लेकिन उन्होंने इस संबंध में किसी तरह की टिप्पणी करने से साफ इंकार कर दिया.

वीआईपी बनाम आमजन

घंटो लाइन में खड़े रहने के बाद जब कोई आम दर्शनार्थी मंदिर के गर्भ गृह के सामने पहुंचता है तो वहां पर मौजूद सुरक्षा कर्मी उसे पल भर का भी मौका नहीं देते. दर्शनार्थी को चाहे मां के दर्शन हों अथवा नहीं, व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर उनका हाथ पकड़कर आगे धकेल देते हैं. लेकिन वहीं वीआईपी प्रोटोकॉल के नाम पर सीधे मंदिर के गर्भ गृह में बैठाकर पूजन कराया जाता है. वीआईपी के विधि विधान से पूजन के दौरान आमजन के लिए मंदिर का रास्ता रोक रखा जाता है. वहीं इस तरह की आपत्तिजनक विसंगतियों के बीच मंदिर के गर्भ गृह में शस्त्र पूजा का मामला भी सामने आना यह बताने के लिए काफी है कि जिम्मेदार अपनी भूमिका को निभाने से बच रहे हैं. नियमत: इस मामले में तो उस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद सुरक्षा कर्मियों और शस्त्र पूजा कराने वाले पुजारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी.

युवाओं के रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर : श्याम

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

रीवा, 10 फरवरी, भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के रीवा प्रथम आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया गया. उनके आगमन पर जेएनसीटी कॉलेज रतहरा में युवा संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.

रीवा जिला स्तरीय इस युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर रहे. इस युवा संवाद में विशिष्ठ अतिथि के रूप भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मऊगंज जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा व विधायक नरेन्द्र प्रजापति रहे. युवा संवाद में मुख्य अतिथि श्याम टेलर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट राष्ट्र की चुनौतियों को देखते हुए 2047 के विकसित भारत को लेकर पेश किया गया महत्वपूर्ण बजट है जिसके माध्यम से भारत की जनता को सशक्त एवं समृद्ध बनाने की सोच दिखाई देती है. युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर है. शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15000 माध्यमिक विद्यालयों व 500 महाविद्यालयों में ए.वी.जी.सी. कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मक को बढावा देना है. पर्यटन क्षेत्र में आई.आई.एम के सहयोग से 10 हजार गाइडों के कौशल उन्नयन और खेलों इंडिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेल क्षेत्र में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नई दिशा देगा.

जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, जीवनलाल साकेत, जिला उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री बृजेन्द्र गौतम, नरेन्द्र शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेश्वर मंडलोई, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूर्य प्रताप तिवारी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, अमित तिवारी सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

चित्रकूट विधायक ने की सिंचाई मंत्री के साथ बैठक

नवभारत न्यूज

सतना, 10 फरवरी. चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने भोपाल में सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट से भेंट कर चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में पानी की कई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बैठक की।

वल्लभ भवन में हुई इस बैठक में माननीय सिंचाई मंत्री और चित्रकूट विधायक के साथ सिंचाई विभाग के एसीएस राजेश राजौरा और मुख्य अभियंता श्री विनोद देवड़ा मौजूद रहे। विषयांतर्गत प्रमुख रूप से चित्रकूट क्षेत्र के लिये बाणसागर नहर बिरसिंहपुर माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट बकिया बराज नर्मदा घाटी परियोजना से बरगी नहर के अलावा कंदर रानीपुर नरदहा बगदरा हनुमान सागर ठाड़ी पाथर और गहवर बांधों को इसी महीने स्वीकृत कर अगले महीने निविदा प्रक्रिया शुरू करने पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त पड़मनिया बांध का डीपीआर एस्टीमेट सर्वे और अंधराखोह बांध का पुनर्निर्माण कर तत्काल अगली कार्यवाही कर शीघ्र इनका लाभ जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

रीवा, 10 फरवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 11 फरवरी को सुबह 7.55 बजे रीवा रेलवे स्टेशन आएंगे और निज निवास के लिए प्रस्थान करेंगे. उप मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद निज निवास में रात्रि विश्राम करेंगे.

रिहंद डैम में डूबे युवक का शव 22 घंटे बाद मिला

- एसडीईआरएफ की टीम को मिली सफलता, स्टीमर से सेल्फी व रील बनाते समय हुआ था हादसा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 10 फरवरी। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी रिहंद डैम बलियरी में बीते दिन सोमवार की सुबह स्टीमर में सवार होकर तीन साथी रील बनाते वक्त सेल्फी ले रहा था कि अचानक एक युवक फिसल कर गहरे पानी में डूब गया। जहां आज दिन मंगलवार की दोपहर 12 बजे डैम में उतराता हुआ शव मिला है।

एसडीईआरएफ की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्राम बलियरी निवासी संतोष शाह पिता रामसजीवन शाह उम्र 18 वर्ष बीते दिन कल अपने तीन साथियों के साथ बलियरी रिहंद डैम में रील बनाने स्टीमर में सवार होकर वोटिंग कर रहा था, तभी संतोष शाह सेल्फी लेने व रील बनाने के चक्कर में फिसलकर गहरे पानी में समा गया। जहां लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। आज स्थानीय कोतवाली पुलिस एवं एसडीईआरएफ की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव 22 घंटे बाद डैम में उतराता हुआ मिला। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय के लिए रवाना किया।

पानी के लिए कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंची दिव्यांग महिला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 10 फरवरी। जिले में हर घर जल और नल-जल योजना के बड़े-बड़े दावे जमीनी हकीकत में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

ग्राम झाझी टोला, पोस्ट मकरोहर, तहसील माड़ा की दो पैरों से विकलांग महिला सुनीता बैस को पीने के पानी के लिए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचकर गुहार लगानी पड़ी। यह घटना प्रशासन और ग्राम पंचायत की असंवेदनशीलता पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। सुनीता बैस चलने-

फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं। उनके घर के आसपास एक भी हैंडपंप नहीं है। मजबूरी में उन्हें काफी दूर जाकर पानी लाना पड़ता है, जो उनके लिए किसी यातना से कम नहीं। महिला ने आवेदन में स्पष्ट किया है कि ग्राम पंचायत से कई बार मांग करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। पंचायत की उदासीनता ने उन्हें सीधे कलेक्टर के दरवाजे पर पहुंचने को मजबूर कर दिया। हैरानी की बात यह है कि सरकार विकलांगों के लिए विशेष योजनाओं और सुविधाओं की बातें करती हैं, लेकिन एक विकलांग महिला को पेयजल जैसी मूलभूत जरूरत के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब एक हैंडपंप लगवाने में प्रशासन नाकाम है, तो करोड़ों की योजनाएं किसके लिए बनाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई जगह पानी की समस्या बनी हुई है।

जिला अस्पताल में चार नई जांच की शुरुआत

मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय के सहयोग से होगी जांच

नवभारत न्यूज

सतना, 10 फरवरी. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सतत प्रयासों तथा डीन जीएमसी सतना के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिला अस्पताल सतना में कल से चार महत्वपूर्ण प्रयोगशाला जाँचें प्रारंभ की जा रही हैं। यह पहल क्षेत्र में सुदृढ़ वैज्ञानिक एवं विश्वसनीय रोग निदान सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इन जाँचों के शुरू होने से संक्रामक रोगों की शीघ्र एवं सही पहचान संभव होगी जिससे मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सकेगा और गंभीर जटिलताओं से बचाव होगा। शरीर में होने वाले बैक्टीरियल संक्रमणों की शुरुआती पहचान के लिए। यह जाँच फेफड़ों के संक्रमणए घावों के संक्रमणए खून के संक्रमण जैसे गंभीर रोगों की जल्दी जानकारी देती हैए जिससे समय पर सही एंटीबायोटिक उपचार शुरू किया जा सकता है। संक्रमण की जाँच के लिए। त्वचा बाल नाखून या शरीर के अन्य भागों में लंबे समय से चल रहे या बार.बार होने वाले संक्रमण की सही पहचान में यह जाँच अत्यंत उपयोगी है जिससे मरीजों को अनावश्यक दवाओं से बचाकर सही इलाज दिया जा सके। बच्चों में होने वाले गंभीर गले के संक्रमण डिप्थीरिया की पहचान के लिए। यह बीमारी साँस लेने में कठिनाई पैदा कर सकती है और समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा भी हो सकती हैए इसलिए इसकी तुरंत जाँच और पहचान बेहद जरूरी है। कुष्ठ रोग लेप्रोसी जैसे लंबे समय तक चलने वाले संक्रमण की पहचान के लिए। समय पर जाँच से रोग को बढ़नेए शरीर में विकृति होने और समाज में संक्रमण फैलने से रोका जा सकता है। इन जाँचों के माध्यम से बैक्टीरियल एवं फंगल संक्रमणों का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाया जा सकेगा जिससे इलाज की सफलता दर बढ़ेगी और मरीजों को जिले में ही बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही अस्पताल में बैक्टीरिया कल्चर की सुविधा भी शीघ्र प्रारंभ करने की प्रक्रिया जारी हैए जिससे संक्रमण की पुष्टि और कौन.सी एंटीबायोटिक प्रभावी होगी यह पता लगाया जा सकेगा।

सक्रमण की सही पहचान हो सकेगी : डॉ. अग्रवाल

माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. रमेश अग्रवाल ने बताया कि श्माइक्रोबायोलॉजी विभाग का मुख्य उद्देश्य यह है कि मरीजों को जिले स्तर पर ही सटीकए त्वरित और वैज्ञानिक जाँच सुविधा मिले। इन जाँचों की शुरुआत से संक्रमणों की सही पहचान समय पर हो सकेगीए उपचार में देरी कम होगी तथा संक्रमण नियंत्रण कार्यक्रमों को भी मजबूती मिलेगी। हमारा प्रयास है कि क्लिनिकल टीम को तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराकर मरीजों के बेहतर उपचार में सहयोग दिया जाए।

उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की पहल : डॉ. गर्ग

अटलबिहारी मेडिकल कालेज के डीन डा. एसपी गर्ग ने बताया कि श्मेडिकल कॉलेज सतना और जिला अस्पताल के बीच यह एक समन्वित पहल है। कुछ आवश्यक बुनियादी सामग्री एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल तैयार हुआ हैए जबकि विषय विशेषज्ञता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। दोनों संस्थानों के सामूहिक एवं समेकित प्रयासों का उद्देश्य यही है कि स्थानीय जनता तक बेहतर और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँच सकें। यह कदम जिला स्तर पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करेगा।

साइबर ठगी की जानकारी देगी जागरुकता वैन

नवभारत न्यूज

रीवा, 10 फरवरी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.

जागरूकता वैन को क्षेत्र प्रमुख अजय खरे एवं उप क्षेत्र प्रमुख मोहम्मद इब्राहीम द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया. यह वैन आम नागरिकों को केवायसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम, डिजिटल बैंकिंग, धोखाधड़ी से बचाव, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय अनुशासन के प्रति जागरूक करेगी. इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, जगमोहन सहित क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी एवं स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे. जागरूकता वैन द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सरल एवं व्यावहारिक माध्यम से वित्तीय जानकारी प्रदान की जायेगी. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित यह पहल भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसका मुख्य लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सुरक्षित, समावेशी एवं जागरूक बैंकिंग सेवाओं की जानकारी पहुँचाना है.

भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन आज

रीवा, 10 फरवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में भू अर्जन प्रकरण की समीक्षा 11 फरवरी को की जायेगी. कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण, एनएचएआई, एमपीआरडीसी के विभागीय अधिकारियों सहित सभी एसडीएम को उपस्थित के निर्देश दिये गये हैं.

श्रम कानूनों के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस

मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ12 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 10 फरवरी. केंद्र सरकार द्वारा चारों लेबर कोड लागू किए जाने के विरोध में 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में मंगलवार को मजदूर संगठनों द्वारा सिंगरौली में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया।

मशाल जुलूस गोल मार्केट से प्रारंभ होकर मस्जिद मार्केटए सेक्टर.ए दूधीचुआ महाप्रबंधक कार्यालयए सीडब्ल्यूएस कॉलोनी तिराहा होते हुए दूधीचुआ सेक्टर.वी पहुंचाए जहां डॉण् भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष जुलूस का समापन हुआ। मशाल जुलूस का नेतृत्व इंटक नेता लाल पुष्पराज सिंह ने किया। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न मजदूर संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। हाथों में मशाल लेकर मजदूरों ने केंद्र सरकार की मजदूर.विरोधी नीतियों के खिलाफजोरदार नारेबाजी की। डॉण् अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए इंटक नेता लाल पुष्पराज सिंह ने कहा कि मजदूरों की लगातार अनदेखी की जा रही है। श्रम कानूनों में किए गए बदलावए बढ़ती महंगाईए रोजगार की असुरक्षा और लेबर कोड के जरिए मजदूरों के अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ विशाल धरना.प्रदर्शन किया जाएगा। यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चाकृइंटकए एचएमएसए एटक और सीटूकृने लेबर कोड को मजदूरों को श्गुलाम बनाने का फरमानश् करार देते हुए कहा कि यह कानून वर्षों के संघर्ष से अर्जित अधिकारों पर सीधा हमला है। संयुक्त मोर्चा ने आरोप लगाया कि लेबर कोड के माध्यम से औद्योगिक संबंधों को कमजोर किया जाएगाए जेबीसीसीआई के गठन और 12वें वेतन समझौते पर संकट खड़ा होगा तथा स्थायी रोजगार की जगह फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट लागू कर मजदूरों को असुरक्षित बनाया जाएगा। साथ ही शिफ्ट अवधि 8 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे तक किए जाने का भी विरोध किया गया। नेताओं ने चेतावनी दी कि कोल इंडिया के निजीकरण की प्रक्रिया तेज होगीए वेतन और सुविधाओं में कटौती होगी तथा मृत्यु उपरांत आश्रितों को नौकरीए ठेका कर्मियों को एचपीसी वेजेजए जमीन के बदले नौकरी एवं पुनर्वास जैसे अधिकारों पर भी खतरा मंडराने लगेगा। इसके अलावा नए ट्रेड यूनियन बनाना कठिन होगा और मौजूदा यूनियनों का पंजीकरण समाप्त किए जाने की आशंका भी जताई गई। संयुक्त मोर्चा ने इसे कोयला उद्योग को राष्ट्रीयकरण.पूर्व 1972 की स्थिति में ले जाने की साजिश बताते हुए इसे श्करो या मरो की हड़तालश् करार दिया और सभी मजदूरों से 12 फरवरी 2026 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने का आह्वान किया। मशाल जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस.प्रशासन की मौजूदगी बनी रही।

आधा दर्जन शराबी चालकों पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 10 फरवरी। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत 9 व 10 फरवरी को मध्य रात्रि में अलग-अलग टीम लगाया जाकर शहर के निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान लगभग 33 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइश दी गई थी, शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता, जिस कारण से दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं। 6 वाहन का चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण के लिए न्यायालय पेश किया जाएगा।

एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष
नवभारत समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो.नं.- 9098286391, 7828109523

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99